सत्य गुरु कबीर

Satya Guru Kabir

Sandhya Path - Special Issue / सन्ध्यापाठ विशेषाङ्क



Saaheb teri saahebi, saba ghat rahi samaay
Jyon mehendi ke paat me, laali lakhi na jaay

The godliness of the paramaatma is present in everything, just like the undiscernable red colour in the mehendi leaves. And as on crushing the leaves that the reddish tint appears, likewise this godliness appears only when one uses one's mind to see it.

Shree Kabir Council
La Caverne, Vacoas

Shree Satya Kabir Muktamaneenaam
Dharmic Sabha – Pointe Aux Piments

Mahaprabhu Kabir Dharmasthan
Morcellement St. André

Scheme of Transliteration

अ	a	अं	ṃ	छ	cha	थ	tha	र	ra
आ	ā	अः	ḥ	ज	ja	द	da	ल	la
इ	i	ऋ	ṛ	झ	jha	ध	dha	व	va
ई	ī	लृ	ḷ	ञ	ña	न	na	श	śa
उ	u	क	ka	ट	ṭa	प	pa	ष	ṣa
ऊ	ū	ख	kha	ठ	ṭha	फ	pha	स	sa
ए	e	ग	ga	ड	ḍa	ब	ba	ह	ha
ऐ	ai	घ	gha	ढ	ḍha	भ	bha	क्ष	kṣa
ओ	o	ङ	ṅa	ण	ṇa	म	ma	त्र	tra
औ	au	च	ca	त	ta	य	ya	ज्ञ	gya

।। भजन ।।

।। सत्यलोक - वर्णन ।।

सन्तो ! सो निज देश हमारा ।।
जहाँ जाय फिर हंस न आवे, भवसागर की धारा ।। टेक ।।
सूर्य चन्द्र नहिं तहाँ प्रकाशत, नहिं नभ मण्डल तारा ।
उदय अस्त दिवस नहिं रजनी, बिना ज्योति उजियारा ।। १।।
पांच तत्त्व गुण तीन जहाँ नहीं, नहीं तहाँ सृष्टि पसारा ।
तहाँ न माया कृत प्रपंच यह, लोग कुटुम्ब परिवारा ।। २।।
क्षुधा तृषा नहिं शीत उष्ण तहाँ, दुःख सुख को संसारा ।
आधि न व्याधि उपाधि कछू तहाँ, पाप पुण्य विस्तारा ।। ३।।
ऊंच नीच कुल की मर्यादा, आश्रम वर्ण विचारा ।
धर्म-अधर्म तहाँ कछु नाहीं, संयम नियम आचारा ।। ४।।
अति अभिराम धाम सर्वोपरि, शोभा जासु अपारा ।
कहैं कबीर सुनो भाई साधो ! तीन लोक से न्यारा ।। ५।।

|| bhajana ||

|| Satyaloka varṇana ||

saṇto ! so nija deśa hamārā
jahān jāya phira haṇsa na āve, bhavasāgara kī dhārā || ṭeka ||
surya caṇdra nahin tahān prakāśata, nahin nabha maṇḍala tārā |
udaya asta divasa nahin rajanī, binā jyoti ujiyārā || 1 ||
pāṇca tattva guṇa tīna jahān nahīn, nahīn tahān sriṣṭi pasārā |
tahān na māyā krita prapaṇca yaha, loga kuṭuṃba parivārā || 2 ||
kṣudhā triṣā nahin śīta uṣṇa tahān, duhkha sukha ko saṇsārā |
ādhina vyādhi upādhi kachū tahān, pāpa puṇya vistārā || 3 ||
unca nīca kula kī maryādā, āśrama varṇa vicāra |
dharma-adharma tahān kachu nāhīn, sanyama niyama ācārā || 4 ||
ati abhirāma dhāma sarvopari, śobhā jāsu apārā |
kahaiṇ kabīra suno bhāī sādho ! tīna loka se nyārā || 5||

आचार्य महंत संत सर्वेश्वर दास शास्त्री

|| Satyanaam ||



Satya Guru Kabir

A Quarterly Journal on the teachings of Sadguru Kabir Saheb.

Kabīrābd 604 āṣāḍha-śrāvaṇa-bhādrapada 2059 July - August - September 2002 Vol. 1. No. 2

Founder
M. Komaldass

H. Chief Editor
Acharya Mahant
Sant Sarveshwar Das Shastri
Saahitya-Vyaakaran-Vedaanta Saankhyayogaachaarya-LLB

Editor in Chief
M. Amardass

Board of Editors
Poorundass, Rajiv
M. Ravindradass
M. Prabhatdass

Advisor
Rajnarain

Address
4, Mosque Road
Morcellement St Andre
Plaine des Papayes
Mauritius

P.O. Box 637
Port Louis, Mauritius

Tel. (230) 261 7708
(230) 261 7773

e-mail: satyaguru_kabir@hotmail.com

Subscription
4 yearly issues
Yearly subscription Rs 100.00
Unit Price Rs 25.00

Printed at
Globe Printing 41-Wellington st.,
Port Louis. ☎ 208-1863

Sākhī

गुरु धोबी सिस कापडा, साबुन सिरजनहार ।
सुरति शिला पर धोईए, निकसे ज्योति अपार ॥

guru dhobī sisa kāpaḍā, sābuna sirajanahāra ।
surati śilā para dhoīye, nikase jyoti apāra ॥

Guru is like a washerman and disciple is like cloth; God Himself is the soap; O Guru ! Please wash my thought-waves on the stone of meditation, then unlimited light will appear.

Commentary:
When the Guru gives the gift of God's name to the disciple and the disciple recites it, his heart is cleansed. Thus, with the help and guidance of the Guru, the disciple reaches the destination which is God realization.

गुरु बिन ज्ञान न उपजे, गुरु बिन मिले न मोक्ष ।
गुरु बिन लखे न सत्यको, गुरु बिन मिटे न दोष ॥

guru bina gyāna na upaje, guru bina mile na mokṣa ।
guru bina lakhe na satyako, guru bina miṭe na doṣa ॥

Without the Guru no one obtains spiritual knowledge or achives salvation;
Without the Gur no one can see Truth or have his doubts removed.

Commentary :
Importance of the Guru is mentioned in this sakhi. To achieve the higher stages on the spiritual path, and to succeed in the world, one needs guidance of the Guru all the time to overcome obstacles on the spiritual path.

गुरु बिचारा क्या करे, सिखखहि माहि चूंक ।
भावे त्यों परबोधिये, बांस बजाये फूंक ॥

guru bicārā kyā kare, sikkhahi mahi cūṇka ।
bhāve tyon parabodhiye, bansa bajāye phūṇka ॥

What can the poor Guru do if the disciple has faults;
He gives knowledge but it becomes useless, just as a broken flute does not produce music.

Commentary:
The disciple must have faith, courage, and patience on the path of God. He must try to accept discriminative spiritual knowledge from the Guru and keep it in his mind. If he does not, the Guru cannot be blamed, because the Guru can only guide, but the disciple has to walk himself.

Commentary by **Acharya Mahant Jagdish Das Shastri**
Jamnagar, Gujarat, India.

Cover : The picture on the front cover depicts the appearance of Sadguru Kabir Saheb on the lotus flower. In the Lahar Talab of Kashi 'Baba' Gowreeshunkur (Niru) and 'mata' Saraswati (Nima) lifting baby Sadguru Kabir Saheb and in the background the witness of this divine appearance in meditation 'dhyaana magna' Swamy Shree Ashtanand Ji .

No part of this publication may be reprinted or otherwise reproduced without the prior permission from the chief editor.
The opinions and thoughts expressed in the articles published in this journal are those of the writers and not those of the Satya Guru Kabir committee.

www.geocities. com/sahebkabir

सम्पादकीय

नौम्यादिब्रह्म सर्वस्य, कारणं करणं तथा ।
तद्रूपं सद्गुरुं वन्दे, कर्म रेखा प्रशान्तये ॥ (ब्रह्मनिरूपणम् -१)

समस्त संसार की उत्पत्ति के कारण और साधन रुप सत्यपुरुष को एवं कर्मों की रेखा को मिटाने वाले सत्यपुरुष स्वरूप सदगुरु को "साहेब बन्दगी" है। प्रणाम है। नमन है।

किसी भी वस्तु के निर्माण में दो प्रमुख कारण होते हैं, प्रथम 'उपादान कारण' जो उस वस्तु के साथ स्थायी होता है। जैसे वस्त्र के निर्माण में 'धागा'। घट के निर्माण में 'मिट्टी'। आभूषण के निर्माण में 'सुवर्ण' या 'रजत'। किन्तु इनके निर्माण में लगे श्रम या यन्त्रों का उपयोग 'निमित्त कारण' होता है, जो वस्तु के देखने से प्रत्यक्ष नहीं होता।

सत्यपुरुष परमात्मा ने स्वत्व पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु द्वारा इस जगत् की सृष्टि की, ये सभी उन्हीं के भाग हैं। अतः सद्गुरु कबीर साहेब कहते हैं :- "सब घट मेरी सांईयाँ, सूनी सेज न कोय" या "एक राम का सकल पसारा।" परमात्मा स्वयं उपादान कारण एवं निमित्त कारण, कारण व करण दोनों हैं - "स ऐच्छतलोकाऽऽनुर्सज।" इच्छाशक्ति द्वारा उन्होंने सृष्टिकार्य को सम्पादित किया।

विश्व के सभी धर्म-सम्प्रदाय-मत-पंथ उसी सत्यपुरुष परमात्मा के अन्वेषण में तत्पर हैं। वेदों ने अनेक प्रकार से उसका वर्णन करने का प्रयास किया किन्तु "नेति-नेति" कहकर उसको पूर्णरूप से वर्णन करने में असमर्थता व्यक्त कर शान्त हो गये। क्योंकि वह वाणियों का विषय ही नहीं है। सद्गुरु बीजक में कहते हैं : "जाकर नाम अकहुआ रे भाई। ताकर काह रमैनी गाई।"

किन्हीं सद्गुरु के बताये हुए साधना-भक्ति द्वारा भक्त की कर्म रेखायें अर्थात् कर्म-भोग जब शान्त हो जाते हैं तब उस परमात्मा की प्राप्ति का साधन सुलभ हो जाता है। निश्चय ही इस कर्म-रेखा के शमन हेतु दैनिक सन्ध्या-सुमिरण-आरती सशक्त सोपान है। भारत एवं अन्य देशों में जहां भी सद्गुरु के अनुयायी हैं वे अवश्य इसका पालन करते हैं। आंग्ल-भाषी भक्तों की सुविधा एवं उनके अनुरोध का सुविचार कर यह अंक "सन्ध्या-पाठ" के निमित्त समर्पित किया गया है। दैनिक जीवन में इसका उपयोग कर आप सभी आत्मसुख की प्राप्ति करें यही मंगलकामना है। लेख का विस्तार न कर पाठकों की ज्ञान वृद्धि हेतु "कबीर" शब्द की व्याख्या दी जा रही है। जो "श्रीमद् ब्रह्मनिरूपणम्" ग्रन्थ 'स्व-संवेद' से साभार उद्धृत है।

"कबीर" शब्द की व्याख्या

कबीर नाम सबसे बड़ा, सबसे बड़ा विचार।
यथा नाम गुण है तथा, जाने जानन हार ॥

अर्थात् सत्यगुरु कबीर साहिब का नाम सर्व से बड़ा, इस कारण से है कि आपका विचार सबसे महान है। जैसा आपका नाम "कबीर" है। (अरबी भाषा में 'कबीर' इस नाम-शब्द का अर्थ सबसे बड़ा अथवा खुदा, मालिक, परमात्मा होता है।) ऐसे ही आप में सबसे बड़े महान गुण भी हैं। इस वृत्तान्त को जानने वाले विद्वान् व्यक्ति जानते ही हैं; और संस्कृत भाषा में भी "कबीर" शब्द के अनेक अर्थ होते हैं, जिनमें से कुछ अर्थ यहाँ पर दिये जाते हैं।

(१) पहला अर्थ :- "कश्चात्मनि मयूरे च" इस 'एकाक्षरी कोष' के अनुसार 'कश्चासौ बीरश्चेति कबीरः'। इस व्याख्या के अनुसार 'कबीर' शब्द का अर्थ 'आत्मवीर' होता है। जिसने कि काम, क्रोधादिक प्रबल शत्रुओं को जीतकर आत्म-साम्राज्य स्थापित किया है, और उसका सम्राट् बना है।

(२) दूसरा अर्थः- "कम् = आत्मानं विशेषेण ईरयते (प्रेरयते) इति-कबीर :।" अर्थात् जो साधक की आत्मा को परमात्मा की प्राप्ति के लिये विशेष रूप से प्रेरणा दे उसको 'कबीर' कहते हैं। तथा 'कम् = आत्मानं विशेषेण गमयते, इति 'कबीरः'। जो जीवात्मा को परमात्मा की तरफ विशेष रूप से ले जावे उसको 'कबीर' कहते हैं। तथा, कम् = सुखं विशेषेण-प्रेरयते इति 'कबीरः' अर्थात् जो निजानन्द को विशेष रूप से प्रेरित करे उसको 'कबीर' कहते हैं।

(३) तीसरा अर्थ :- 'केन = आत्मना वीरः कबीरः'। अर्थात् जो बलवान आत्मा के द्वारा वीर हो उसी को 'कबीर' कहते हैं। क्योंकि 'नैष आत्मा दुर्बलेन लभ्यः' अर्थात् दुर्बल मनुष्य आत्म-लाभ नहीं कर सकता है। इस श्रुति के अनुसार बलवान आत्मा ही आत्म-लाभ कर सकता है।

(४) चौथा अर्थ :- 'कस्मै = आत्मने, आत्मानं प्राप्तुं विशेषेण ईरयते, इति कबीरः'। अर्थात् जो निजात्म प्राप्ति के लिये जिज्ञासु लोगों को विशेष रूप से प्रेरित करे उसको 'कबीर' कहते हैं। तथा 'कस्मै = सुखाय, सुख प्राप्तुं जनान् विशेषेण प्रेरयते' इति 'कबीरः'। अर्थात् निजानन्द-प्राप्ति के लिये मुमुक्षुओं को विशेष रूप से जो प्रेरित करे उसको 'कबीर' कहते हैं।

(५) पाँचवा अर्थ :- 'कस्मात् = आत्मन : आत्मनोर्हेतोर्वीरः कबीरः'। अर्थात् बलवान् आत्मा के कारण जो वीर हो उसको 'कबीर' कहते हैं। तथा 'कस्मात् = सुखात् हेतोर्वीरः कबीरः'। अर्थात् पूर्णनिजानन्द के कारण जो वीर हो उसको कबीर कहते हैं।

(६) छट्ठा अर्थ :- 'कस्य = सुखस्य साधने वीरः कबीरः'। अर्थात् जो निजानन्द के साधने में वीर हो उसको 'कबीर' कहते हैं। तथा 'कस्य = आत्मनः साधने वीरः कबीरः'। अर्थात् जो आत्म-साधन में वीर हो उसको कबीर कहते हैं। तथा 'कस्य-आत्मनः प्राप्त्यै वीरः कबीरः'। अर्थात् जो आत्म-प्राप्ति के लिये वीर बना हो उसको 'कबीर' कहते हैं। तथा, 'कस्य = सुखस्य प्राप्त्यै वीरः कबीरः' अर्थात् निजानन्द की प्राप्ति

Satya Guru Kabir

के लिये जो वीर बना हो उसको 'कबीर' कहते हैं। 'कयोः लौकिक-पारलौकिकसुखयोः प्राप्त्यै लोकान् विशेषण प्रेरयते, इति कबीरः'। अर्थात् अभ्युदय और निःश्रेयस की प्राप्ति के लिये अधिकारी पुरुषों को जो प्रेरित करे उसको 'कबीर' कहते हैं।

(७) सातवाँ अर्थ :- 'कस्मिन् = आत्मनि वीर : कबीरः।' अर्थात् जो निजात्मा में वीर हो उसको 'कबीर' कहते हैं। तथा, 'कस्मिन्-सुखे विशेषेण ईरयते, इति कबीरः'। अर्थात् निजानन्द में मुमुक्षुओं को विशेष करके प्रेरित करे उसको 'कबीर' कहते हैं। तथा 'कयोः सुखयोः लौकिकपारलौकिकयोरभ्युदयनिः-श्रेयसयोर्विशेषेण लोकान् ईरयति इति कबीरः'। अर्थात् अभ्युदय और निः श्रेयस रूप जो लौकिक और पारलौकिक सुख हैं, उनमें सज्जनों को जो विशेष रूप से प्रेरित करे उसको 'कबीर' कहते हैं। तथा, 'केषु = मुक्तात्मसु मध्ये वीरः कबीरः'। अर्थात् मुक्तात्माओं में जो वीर हो उसको 'कबीर' कहते हैं।

अन्य प्रकार से अर्थ

(१) 'कवीनीरयति इति कबीरः' अर्थात् सत्कवियों को जो अध्यात्म कविता के लिये प्रेरित करे उसको 'कबीर' कहते हैं।

[कबीर साहिब की रहस्यवादी कविता विश्वविदित है। और उसके अवलम्ब से कवीन्द्र श्री रवीन्द्रनाथ जी टैगोर को 'गीताञ्जलि' के रचने पर 'नोबुल पुरस्कार' प्राप्त हुआ था। यह बात जगजाहिर है।]

(२) 'कविर्मनीषी परिभूःस्वयंभूः'। (ईशावास्योपनिषद् मंत्र ५)। इस श्रुतिवचन के अनुसार कविः नाम परमात्मा का है। और 'ईरणं ईरः प्रेरणा ' इस निरुक्ति से 'ईर' नाम प्रेरणा का है। 'कविना-ईश्वरेण प्रदत्ता प्रेरणा यस्मिन् सः कबीरः'। अर्थात् जिसके हृदय में सदैव ईश्वर की प्रेरणा होती हो (किन्तु मन की प्रेरणा न होती हो), उसको 'कबीर' कहते हैं।

(३) 'कवये ईरः यस्मात् स, कबीरः'। अर्थात् जिज्ञासुओं को जिनके द्वारा ईश्वर-प्राप्ति के लिये प्रेरणा मिलती हो उसको 'कबीर' कहते हैं।

(४) 'कवेः ईरो यस्मिन् स कबीरः'। अर्थात् ईश्वर की प्रेरणा जिसमें हो उसको 'कबीर' कहते हैं।

(५) 'कवौ = ईश्वरे ईरो यस्मात् स कबीर :'। अर्थात् मुमुक्षुओं को जिनकी वाणी से ईश्वर में श्रद्धा - भक्ति रूप प्रेरणा मिलती हो उसको 'कबीर' कहते हैं।

(६) "कश्चैवं केवलं ब्रह्म, बकारो बीजमव्ययम्।
रकारो रमते नित्यं, स कबीरः प्रकथ्यते ॥"
"कक्का केवल ब्रह्म है, बब्बा बीज शरीर।
ररा सब में रम रहा, वाका नाम कबीर ॥"
"पानी से पैदा नहीं, श्वासा नहीं शरीर।
पांच तत्त्व जाके नहीं, ताका नाम कबीर ॥"

(१) अब 'साहिब' यह शब्द (हिवि, प्रीणनार्थे) स आङ् पूर्वक इस धातु से सिद्ध होता है। "सह आसमंतात् हिन्वतीति साहिबः ॥"

(२) तुलसीकृत 'रामचरितमानस' में 'साहिब' शब्द आता है। बालकाण्ड में और अयोध्याकाण्ड में जैसा कि :-

गई बहोरि गरीब नेवाजू। सरल सबल साहिब रघुराजू ॥
लोकहुँ वेद सुसाहिब रीति। विनय सुनत पहिचानत प्रीति ॥

दोहा:- होहुँ कहावत सब कहत, राम सहत उपहास।
साहिब सीतानाथ से, सेवक तुलसीदास ॥

सुनि मुनि बचन राम रूख पाई। गुरु साहिब अनुकूल अघाई ॥
आज्ञा सम नहिं साहिब सेवा। सो प्रसाद जनु पावे देवा ॥

"साहिब" शब्द का प्रयोग सत्यगुरु कबीर साहिब ने अनंत बार किया है जो सभी सत्यपुरुष परमात्मा का ही द्योतक है जैसे :-

"साहिब सबका बाप है, बेटा किसी का नाहिं।
बेटा होकर अवतरे, सो तो साहिब नाहिं ॥१॥"
"साहिब केरि साहबी, सब घट रही समाय।
ज्यों मेंहदी के पात में, लाली लखी न जाय ॥२॥"

॥ इति सत्यम् ॥

3 days Bramha Nirupanam Katha

The Muktamaninaama Dharmic Sabha organised a 3 days Bramha Nirupanam Katha on the 21st,22nd and 23rd of June 2002 on the occasion of the '604th Shree Sadguru Kabir Pragatya Mahotsav'. Acharya Mahant Sant Sarveshwar Das Shastri of Varanasi, India delivered the katha in which also participated M.Komaldass ji,Amardass ji,Charandas ji, Dhineshdass ji and Ravindradass ji. The function started with a 'sobha yatra' on Friday the 21st and was concluded by the laying of the foundation stone of a Shree Sdaguru Kabir Mandir at Soomaru Lane Pointe Aux Piments by the Honourable Deputy Prime Minister of Mauritius, Mr Paul Raymond Berenger, in the presence of the High Commissioner of India, Mr Vijay Kumar and other members of parliament on Sunday 23rd of June. The Shree Kabir Council of La Caverne, Vacoas ,the Mahaprabhu Kabir Dharmasthan of Morcellement St. André and other Kabir Panth associations of Mauritius helped throughout the 'mahotsav'. The last day 'Satvick Anandi Chawka' was performed by M. Prabhatdass saheb. ■

Launching of the 'Satya Guru Kabir' magazine

The Kabir Panth associations of Mauritius have joined hands to publish the 'Satya Guru Kabir' a quaterly religious magazine on the teachings of Sadguru Kabir Saheb.

The first inaugural issue of the publication was presented to the public on the last day of the Bramha Nirupanam Katha at Pointe aux Piments, by the Honourable Paul Raymond Berenger, the Deputy Prime Minister and Minister of Finance, the High Commissioner of India, Mr Vijay Kumar, assisted by the Presidents of the Kabir Council, the Muktamaneenaam Dharmic Sabha, the Mahaprabhu Kabir Dharmasthan - Mr Ravishankar Mungra, Mr Dayanand Soobhug and Mr Adnathdass Brijmohan respectively.

Were also present to bless this special moment, Acharya M. Sant Sarveshwar Das Shastri, M. Komaldass, M. Prabhatdass, M. Amardass and M. Ravindradass.■

थोड़ा सुमिरण बहुत सुख

सत्यलोकवासी श्री १००८ वंश प्रतापी पं. श्री हजूर प्रकाशमणिनाम साहेब श्री कबीर धर्मस्थान खरसिया (छत्तीसगढ़) - भारत

परम सुख की प्राप्ति के लिये संसार अधीर है। यदि ध्यानपूर्वक देखा जाय तो ज्ञात होगा कि, प्रत्येक प्राणी की क्रिया सुख ही के लिये है। वह सुख का श्रोत कहाँ है, जिसकी खोज में सारा संसार पड़ा है ? वह प्रकाश की धारा किधर है, जिससे सारे व्यवहार चल रहे हैं ? वह अमृत का समुद्र कहाँ है, जिसकी एक बून्द से संसार का सारा हालाहल अमृत जान पड़ता है ? उस देव का मन्दिर कहाँ है, जिसके एक बार के दर्शन से संसार ही का अदर्शन हो जाता है ? वह सूर्य किस दिशा से ऊगता है, जिसके प्रकाश की धारा सीधी हृदय की गुफा में पहुँच कर जीवन को ज्योतिर्मय बना देती है ? वह संजीवनी बूटी किस पहाड़ और जंगल में है, जिसको पीनेवाला अमर बन जाता है ? ऐसे प्रश्न करने वाले क्यों इतने अधीर बन कर उसकी खोज में जी-जान से लगे हैं ? इसका उत्तर सारे महात्मा एक स्वर से यही देते हैं किः- 'संसार दुःखरूप है। सर्वं दुःखं दुःखम्' (बौद्ध दर्शन)।

"परिणामतापसंस्कारदुःखैर्गुणवृत्त्यविरोधाच्च दुःखमेव सर्वविवेकिन ः" (योग दर्शन पा॰ २ सू॰ १५) और दुःख में पड़े हुये व्यक्ति का सुख चाहना स्वाभाविक ही है।

यद्यपि "प्रारब्धकर्मणां तु भोगादेव क्षय ः" इसके अनुसार वर्तमान दुःख की निवृत्ति भोगों के बिना नहीं हो सकती है; तथापि "हेयं दुःखमनागतम्" (योगदर्शन पा॰२ सूत्र १६) इसके अनुसार आगामी दुःख की निवृत्ति के लिये अवश्य प्रयत्न करना चाहिये।

वह प्रयत्न क्या है ? इसका उत्तर उपनिषद् के शब्दों में "ज्ञात्वा देवं सर्व दुःखप्रहाणिः" यह है। अर्थात् उस देव के साक्षात्कार से सबके सब दुःख दूर हो जाते हैं। यह देव वही है कि, जिसकी खोज में सब लगे हैं। उसके साक्षात्कार के अनेक साधनों में से सबों से सरल साधन 'स्मरण' है।

"सुमिरण मारग सहज का, सतगुरु दिया बताय।
सांसहि सांस जो सुमिरतां, एक दिन मिलसी आय ॥"

स्मरण एक ऐसा साधन है कि, जो सहज ही साहब से मिला देता है। हृदय के मन्दिर में विराजे हुये साहब के दर्शनों के लिये स्मरण का रास्ता पकड़ना अत्यन्त आवश्यक है। यह रास्ता बड़ा सुगम है। इस पर बाल, वृद्ध स्त्रीपुरुष, रोगी और निरोगी सब कोई चल सकते हैं। और तो क्या ! बैठे-बैठे और पड़े-पड़े भी रास्ता तय किया जा सकता है :-

"बैठे-सूते पड़े उतान, कहँहिं कबीर हम वही ठिकान "।

यह स्मरण का कार्य कितना सुगम और अनंत फल का देने वाला है, इसका वर्णन नहीं किया जा सकता है।

"थोड़ा सुमिरण बहुत सुख, जो करि जाने कोय।
सूत न लगै बिनावनी, सहजे तन सुख होय ॥"

अपार फल के देने वाले ऐसे सुगम कार्य को तो रातदिन करना चाहिये। यदि इस शुभ कार्य के लिये अधिक समय न मिले तो सन्ध्या समय तो अवश्य ही करना चाहिये। सन्ध्या समय जिन स्तोत्रों के द्वारा सद्गुरु का स्मरण किया जाता है, उसका वर्णन सन्ध्या-पाठ में किया गया है।

सन्ध्या-पाठ में मंगलाचरण, गौड़ी, आरती, ज्ञानस्तोत्र, विज्ञानस्तोत्र, दयासागर, चेतावनी, ज्ञानगुदड़ी और प्रार्थना; रखी गई है। पाठकगण इनके पाठ से लाभ उठायेंगे। ज्ञानस्तोत्र और विज्ञानस्तोत्र में ज्ञानी और विज्ञानियों के लक्षण तथा उनके अनुभव का वर्णन किया है और बीच-बीच में प्रमाण रूप से श्रुति और स्मृति भी दी गई है। दयासागर में पंच-कुण्डों के वर्णन के पश्चात् छठवें 'अकह कुंड' का वर्णन किया है। और चेतावनी में अभ्यास की शैली का पूरी तरह वर्णन किया गया है। सहज योग में हठयोग के अंगों का उपयोग करने की शिक्षा देकर चेतावनी में सचमुच सोने में सुगन्ध मिला दी है। चेतावनी में बताई हुई अभ्यास की प्रणाली सहज होने के कारण सुसाध्य है। इसलिये सेवकों को दीक्षा के समय इसकी शिक्षा अवश्य देना चाहिये। क्योंकि, अभ्यास-युक्ति के बिना मन का निरोध नहीं हो सकता है। कुछ वर्षों के पहले अभ्यास की परिपाटी कबीर-पन्थ में सर्वत्र प्रचलित थी। इसी कारण कबीर-पन्थ से निकली हुई अनेक शाखा और प्रशाखाओं में शब्दयोग का खूब ही प्रचार हुआ। मालूम होता है कि, अन्य शाखाओं में शब्द-योग के प्रचार कर देने से ही अपने-आपको कृत-कार्य समझकर हम कबीर-पन्थी अपने परंपरागत अभ्यास में कुछ शिथिल से हो गये हैं। अस्तु, 'गयी सो गयी अब राख रही को'। तथा -

"बीती ताहि बिसार दे, आगे की सुधि लेय।
जो बनि आवे सहज में, ताही में चित देय ॥"

सद्गुरु के इस वचनानुसार हम लोगों को अब फिर सहज योग के प्रचार में विशेष प्रयत्न करना चाहिये।

ज्ञान गुदड़ी में छिपे हुये हीरों और लालों का भी इसमें खूब वर्णन किया गया है। और अन्त में प्रार्थना की स्तुति और साखियां रखी गई हैं। यह सन्ध्यापाठ ज्ञान, ध्यान और योगयुक्ति को बतानेवाला होने के कारण मुमुक्षुमात्र को और विशेष कर कबीर-पन्थ की संपूर्ण शाखाओं को उपयोगी है। इसलिये सायंकाल इसका पाठ अवश्य होना चाहिये।

अन्त में यह पार्थना है कि, इस सन्ध्यापाठ का पाठक्रम सब स्थानों में एक समान होना चाहिये। सर्वत्र समान रूप से पाठ हो जाने के कारण सब स्थानों के सन्त, महन्त और सेवक संमिलित होकर आसानी से पाठ कर सकते हैं। और पाठ की भी एक धारा बनी रहती है।

सन्ध्या की महिमा और आवश्यकता

सन्धिकाल को सन्ध्या कहते हैं। यद्यपि प्रातः मध्याह्न और सायं; इस प्रकार संध्याकाल तीन माने गये हैं; तथापि सायं-सन्ध्या में सन्ध्या शब्द के अधिक प्रसिद्ध होने से सन्ध्या पाठ लिखा जाता है। सन्ध्या समय केवल

भजनस्मरण और स्तुतिपाठ के लिये ही है। अत : सब कामों को छोड़कर उस समय सद्गुरु की स्तुति-प्रार्थना-वंदना अवश्य करना चाहिये। इस विषय में यह कैसा अच्छा शिक्षावचन है

"शतं विहाय भोक्तव्यं, सहस्रं स्नानमाचरेत्।
लक्षं विहाय दातव्यं, कोटिं त्यक्त्वा हरिं भजेत् ।।"

सौ कामों को छोड़कर भोजन और हजार कामों को छोड़कर स्नान करना चाहिये और कोटि-कोटि अत्यावश्यक कार्यों को छोड़कर सद्गुरु का भजनस्मरण करना चाहिये।

"ऋषयो दीर्घसंध्यात्वाद्, दीर्घमायुमवाप्नुयु:।
प्रज्ञां यशश्च कीर्तिञ्च, ब्रह्म-वर्चसमेव च ।।"

सन्ध्यावंदन और भजन-ध्यान में जितना ही अधिक समय लगाया जाता है उतना ही लाभ होता है। अधिक समय तक संन्ध्या करने ही के कारण ऋषि और महर्षि दीर्घजीवी होते थे और उनको इससे ही प्रज्ञा, यश, कीर्ति तथा ब्रह्मतेज की प्राप्ति होती थी। इसलिये सन्ध्यावन्दन में अधिक समय लगाना चाहिये। 'अहरहः सन्ध्यामुपासीत' इसके अनुसार प्रात : सन्ध्या और सायंसन्ध्या प्रतिदिन करना चाहिये। इन दोनों के फलों को मनु भगवान् इस प्रकार वर्णन करते हैं :-

"पूर्वां सन्ध्यां जपांस्तिष्ठेन्नैशमेनी व्यपोहति।
पश्चिमां तु समासीनो मलं हन्ति दिवाकृतम् ।।"

प्रात : सन्ध्यासमय खड़े होकर जप करने वाला रात में किये हुये पातकों को नष्ट कर देता है। और सायंसन्ध्या में बैठकर जप करने वाला दिन के पापों को दूर करता है। जो दोनों सन्ध्याओं में से एक भी नहीं करता है उसे पतित समझना चाहिये।

"न तिष्ठति तु य : पूर्वां, नोपास्ते यश्चपश्चिमाम्।
स शूद्रवद् बहिष्कार्यः, सर्वस्माद् द्विजकर्मण : ।।" (मनु)

जो प्रात :सन्ध्या और सायंसन्ध्या को नहीं करता है उसे सम्पूर्ण द्विजकर्मों से शूद्र की तरह अलग कर देना चाहिये। और जो साधु ध्यान, भजन और सन्ध्यापाठ आदि का साधु के कर्मों से रहित हों उन्हें भी सतर्क कर देना चाहिये, जिससे उनकी भी इसमें अवश्य प्रवृत्ति हो जावे।

"सन्ध्या पाठ " सरला-टीका से साभार

सन्ध्या सुमिरण आरती

अहिन्दी-भाषी भक्तों एवं साधुओं की सुविधा को ध्यान में रखकर यह मूल सन्ध्या- पाठ इस पत्रिका में दी जा रही है। भक्तजन इसकी बराबर मांग भी करते हैं। षष्ठशताधिक वर्षों से यह पाठ कबीर-पंथ में प्रचलित है, तथा लाखों सद्गुरु कबीर साहेब के अनुयायी इसका प्रतिदिन पाठकर आत्मसुख प्राप्त करते हैं। इसका पाठ जहाँ जीवन में आयी बाधाओं से मुक्ति दिलाता है वहीं इसमें दी गई गूढ-ज्ञान को आत्मसात् कर कार्यरुप में परिणत करने से जीवन का चरमोत्कर्ष प्राप्त होता है।

सद्गुरु कबीर साहेब के चारों युगों के नाम तथा धनी धर्मदास साहेब के वर्तमान तक के वंशों के '*नाम-सुमिरण*' से इसका मंगलाचरण किया गया है। '*गुरु वन्दना*' में सद्गुरु के गुणों का ध्यान कर वन्दना की गई है। '*गौड़ी*', में जिस प्रकार मृग ; शब्द के लिये, सती; सत्त के लिये, पपीहा पक्षी; स्वाति बून्द के लिये, शूरवीर; वीरता के लिये प्राणों की आहुती दे देते हैं, उसी प्रकार शिष्य को गुरु चरणों का सदा ध्यान धरने की शिक्षा है। '*सन्ध्या-साखी*' में ' सोऽ हं' को श्वास- प्रश्वास में जोड़ कर जप करने की विधि बताई गई है। '*आरती*' सद्गुरु हमें पूर्णब्रह्म की पहिचान एवं सुख सागर में स्नान करने की प्रेरणा देते हैं। '*ज्ञान स्तोत्र*' में चेतन सत्ता किस प्रकार सर्वत्र परिव्याप्त है। इसका सुन्दर वर्णन है। '*विज्ञान स्तोत्र*' में आत्म-तत्त्व में लीन विज्ञानियों के लक्षण बताये गये हैं। इसमें शुद्ध चेतन के स्वरूप तथा चेतन अचेतन को भी दर्शाया गया है। बाद में शुद्ध चेतन के चिद्विलाश का वर्णन है। '*साखी*' में चारों युगों में धर्मदास साहेब को शिक्षा देने एवं गुरु-साधु के रुप का विवेचन है। '*दयासागर*' में विनती करने पर धर्मदास जी को सद्गुरु कबीर साहेब दया कर पञ्चकुण्ड स्नान एवं छठवें अकह-कुण्ठ स्नान की विधि बताते हैं।

'*चेतावनी*' में बहुत ही सुन्दर ढंग से आसन विधि - मन्त्रविधि, जपविधि-सहजयोग एवं हठयोग का वर्णन है। धर्मराय अपने दूतों को 'कबीर' मंत्र का उच्चारण करने वालों को तंग न करने का आदेश देते हैं। '*ज्ञान गुदड़ी*' नाम के अनुसार ही इसमें ज्ञान प्राप्ति के हीरे-लाल-जवाहिरात भरे हैं। संसार-रचना में पांच-तत्त्व, पचीस-प्रकृति का योग जिसे सुमति साबुन से शुद्ध करने की विधि है। घट की चौका को प्रकाशित करने की शिक्षा है। पूरे कबीर पंथ में इस '*ज्ञान-गुदड़ी*', का महत्त्वपूर्ण स्थान है। '*साखी*' में सद्गुरु अपने आज्ञाकारी शिष्यों को सत्यलोक ले जाने का वचन देते हैं। '*वन्दना-साखी*' में शिष्य के द्वारा बहुत प्रकार से गुरु की स्तुति की गई है। '*विनय-छन्द*' एवं बाद के '*साखी*' में बहुत ही करुण भाव से सद्गुरु की धनी-धर्मदास जी प्रार्थना कर रहे हैं। '*अर्जिनामा*' इस प्रकरण में सद्गुरु कबीर साहेब के द्वारा किये गये बहुत से चमत्कारिक लीलाओं का उद्धरण देते हुये धर्मदास साहेब की विनय-स्तुति का वर्णन है। '*अष्टक*' इन तीन अष्टकों में रतना बाई ने सद्गुरु के मगहर में हुये अन्तर्ध्यान तथा सद्गुरु के स्वरुप एवं गुणों का वर्णन और श्रद्धा पूर्वक उनकी स्तुति की है। '*घनाक्षरी छन्द*' इसमें सर्वसंशय के निवारक सद्गुरु के 'सत्यपुरुष' रुप का वर्णन है।'*आरती*' इसमें तीन प्रमुख सर्व प्रचलित आरतियां हैं। '*ध्यानम्*' इसमें परम्परा से प्रचलित अशुद्ध दो श्लोकों को पूज्यपाद सत्यलोकवासी पंथ श्री हजूर प्रकाशमणिनाम साहेब (खरसिया) द्वारा शुद्ध किये गये श्लोक दिये गये हैं। (कई संस्कृत विद्वानों द्वारा टोके जाने पर उन्होंने इन श्लोकों को शुद्ध कर 'ब्रह्मनिरुपणम्' ग्रन्थ में प्रकाशित करने की अनुमति दी थी। उनका प्रसाद रुप में अपना कर यहाँ प्रस्तुत हैं)। गुरु वन्दना की '*साखी*' तथा अन्त में प्रातः, मध्यान्ह, सायं तथा अर्धरात्रि में उपयोग की जाने वाली '*आदि गायत्री*' है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि यह "*सन्ध्या पाठ*' सभी संत महंत-भक्तों के लिये उपयोगी सिद्ध होगा।

|| saṇdhyā pāṭha ||

|| sumiraṇa ||

satyanāma, satyasukrita, ādiadalī, ajara, aciṇtya puruṣa, munīṇdra, karuṇāmaya,
kabīra suratiyogasaṇtāyana,dhanī dharmadāsa, curāmaṇināma, sudarśana
nāma, kulapatināma, prabodhaguru bālāpīra, kamalanāma,
amolanāma, suratisanehīnāma, hakkanāma, pākanāma,
pragaṭnāma,dhīrajanāma, ugranāma, dayānāma,
graṇdhamaṇināma, prakāśamaṇināma,
udītamaṇi nāma, mukuṇdamaṇināma
kī dayā | cāra gurubaṇśa byālīsa
kī dayā | sarva saṇta
mahaṇtana kī
dayā |

sāheba baṇdagī, sāheba baṇdagī, sāheba baṇdagī

|| guru vaṇdanā sākhī ||

guru ko kije baṇdagī, koṭi koṭi praṇāma |
kīṭa na jāne bhriṇga ko, kara guru āpa samāna ||
guru mūrati gati caṇdramā, sevaka nayana cakora |
palaka palaka nirakhata rahun, guru mūrati kī ora ||
guru base banārasī, śiṣya samūṇdara tīra |
bisarāye bisare nahīn, jo guṇa hoya śarīra ||
lakṣa kosa men guru basai, surati diyo paṭhāya |
śabda turī asavāra huai, pala āvai china jāya ||

|| gauḍī ||

lagana kaṭhina mere bhāī , guruse lagana kaṭhina mere bhāī |
lagana lage binu kāja na sari hai, jīva paralayatara jāyī ||
miragā nāda śabda kā bhedī, śabda sunana ko jāyī |
soyi śabda suni prāṇa deta hai, taniko na manameṇ ḍarāyī ||
taji dhana dhāma satī hoya nikasī, satta karana ko jāyī |
pāvaka dekhi ḍare nahiṇ manameṇ, kūdi pare sara mānhīn ||
svāti buṇda liye raṭata papiharā, piyā piyā raṭa lāyī |
pyāse prāṇa jāya kyon na abahī, aura nīra nahin bhāī ||
dou dala āni jure jaba saṇmukha, sūrā leta laḍāyī |
ṭūka ṭūka hoya gire dharanī pai, kheta chāṇḍa nahin jāyī ||
chāṇḍo apane tanakī āśā , nirabhaya hoya guna gāyī |
kahaiṇ kabira aisī lou lāvo, sahaja mile guru āyī ||

|| saṇdhyā sākhī ||

nirvikāra nirbhaya tunhi, aura sakala bhaya mānhi |
saba para terī sāhebī, tuma para sāhiba nānhi ||

saṇdhyā sumiraṇa ārati, bhajana bharose dāsa |
manasā vācā karmaṇā, jabalaga ghaṭamen śvāsa ||

śvāsa śvāsa men nāma le, vrithā śvāsa mati khoya |
nā jāne yaha śvāsa ko, āvana hoya na hoya ||

śvāsā kī kara sumiraṇī , kara ajapā ko jāpa |
parama tattva kā dhyāna dhara, sohaṃ āpo āpa ||

sohaṃ poyā pavana men, bāṇdho surata sumera |
brahm gāṇṭha hridaya dharo, isavidhi mālā phera ||

mālā śvāsocchavāsakī, phereṇge koyī dāsa |
caurāsī bharame nahīn, kaṭe kāla kī phāṇsa ||

sāṇjha pare dina āthave, cakavī dīnahā roya |
cala cakavā tahan jāiye, jahān raina divasa nahin hoya ||

raina ki bicurī cākavī, āni milī parabhāta |
jo jana bicure nāmason, divasa mile nahin rāta ||

sataguru mohi nivājiyā, dīṇhā aṃmara mūla |
śītala śabda kabīra kā, haṇsā kare kilola ||

haṇsā tuma jani ḍarapiho, kara merī paratīta |
amara loka panhucāyahon, calo so bhavajalajīta ||

bhavajala men bahu kāga haiṇ, koyi koyi haṇsa hamāra |
kahanhi kabīra dharmadāsa son, kheva utāro pāra ||

vinavata hūn kara jorike, sunu guru kripānidhāna |
saṇtana ko sukha dījiye, dayā garībī gyāna ||

dayā garībī baṇdagī, samatā śila karāra |
itane lakṣaṇa sādhūke, kahanhin kabīra vicāra ||

dhanī ūpara dharmadāsa hai, satya nāma kī ṭeka |
rahiṭā puruṣa kabīra hai, calatā hai saba bhekha ||

bheṣa barābara ho rahe, bheda barābara nānhin |
taula barābara ghūṇghacī, mola barābara nānhin ||

kevala nāma kevala guru, bālā pīra kabīra |
ṭhāḍhe haṇsa binatī karen, darśana deho kabīra ||

ānaṇda maṇgala āratī, sadguru satya kabīra |
jamake phaṇdā kāṭike, haṇsa lagāve tīra ||

sāheba baṇdagī, sāheba baṇdagī, sāheba baṇdagī

|| āratī ||

gyāna āratī amrita bāṇī, pūraṇa brahma lehu pahicānī |
jāke hukuma pavana au pānī, vākī gati koyī birale jānī ||

tridevā mili joti bakhānī, nirākāra kī akatha kahānī |
yahī āśā saba hila mila ṭhānī, bharma bharma bhaṭke nara prāṇī ||

driṣṭi binā duniyā baurānī,sāheba chāṇḍī jama hātha bikānī |
sakala srīṣṭī hamahī utapānī, śīla saṇtoṣa dayā kī khānī ||

sukha sāgara men karo snānā, nirbhaya pāvo pada nirvānā |
kahaiṇ kabīra soyi saṇta sujānā, jina jina śabda hamāro mānā ||

|| gyāṇa stotra || hymn of knowledge

kabīra : – sat sat ke nāma se, satya sāgara bharā,
satya kā nāma tihun loka chājā |
saṇta jana āratī karen, prema tārī dharen,
ḍhola nisāna mrīdaṇga bājā ||

bhakti sāncī kiyā nāma niscaya liyā, śūnya ke śīkhara bramhāṇda gājā |
satya kabīra sarvagya sāheba mile, bhajo satyanāma kyā raṇka rājā ||
hama dīna dunī daraveśā, hama kiyā sakala paraveśā |
hama duvā salāmata lekhā, hama śabda svarupī pekhā ||
hama ruṇda muṇda men phīrā, hama phākā, phikara phakīrā |
hama rame kauna kī nāla , hama cale kauna kī cāla ||
hama sarvaṇgī sahaje rame, hamārā vāra na pāra |
vāra bhī hamahīn pāra bhī hamahīn, nānā dariyā tīra ||
sakala nīraṇtara hama rame, hama gahare gambhīra |
khālīka khalaka khalaka ke māhīn, youn guru kahanhīn kabīra ||
satyanāma kī āratī, nīrmala bhayā śarīra |
dharmadāsa loke gaye, guru bahiyān mīle kabīra ||
dharmadāsa loke gaye, choḍī sakala saṇsāra |
haṇsana pāra utārahīn, guru dharmadāsa parivāra ||
satya sukrita laulīna hai, gyāna dhyāṇa men sṭhīra |
ajāvana vaha puruṣa hai, so gahi lāgo tīra ||
satta satta kā bhayā prakāśā, jarā maraṇa kī chūtī āśā |
śabda na biṇase biṇase dehī, kahanhīn kabīra hama śabda sanehī ||
pānca tattva tīna guna pele, ramitā rahe śabda so khele |
kahanhin kabīra so haṇsa hamārā, bahurī na dekhe jamakā dvārā ||
rahu re kāla parādhiyā, durbala tora śarīra |
sata sukrita kī nāva hai, kheve satya kabīra ||
bhava bhanjana dukha pariharana , aṃmara karana śarīra |
ādi yugādi āpa ho, guru cāron yuga kabīra ||

sāheba baṇdagī, sāheba baṇdagī, sāheba baṇdagī

|| vigyāna stotra || hymn of the great knowledge

ati laulīna ciṇhanta gyānī |
śabda svarupī suna ākāśa bānī, bīnā deha sāheba nīrālaṃba jānī ||
jāne janāve kahāve na devā, aisā tattva pūje pujāve, lagāve na sevā |
sadā dhyāna dhārī akhaṇdo nīrāsā, sudhāsīṇdhu pīve na jāve piyāsā ||
parama dhāma dhīrā udāsī akelā, laulīna jogī guru gyāna melā |
milaṇtā calaṇtā rahaṇtā apārī, aisā drisṭī dekho anaṇto vicārī ||
sadā ceta cetaṇta citavaṇta sūrā, aisā khyāla khelaṇta būjhaṇta pūrā |
gyāno na dhyāno na māno na thāno, nahīn caṇdra tārā na ūge na bhāno ||
āge na pīche na madhye na koyī, jyon ka jalā brahma tyon tattva soyī |
ḍālo na mūlo na vrikṣo na chāya, jīvo na śivo na kālo na kāyā ||

dr̥iṣṭi na muṣṭi na devī na devā, jāpo na thāpo na pūjā na sevā |
nahīn pavana pānī na caṇdre na sūrā, akhaṇdita brahma soyī sidha pūrā ||
hama nāhīn tuma nāhīn baṇdho na bhāī, nirādhāra ādhāra raṇko na rāī |
gāve na dhāve na helī na helā, narī na puruṣo na celī na celā ||
nahīn peṭa priṣṭī na pānvo na māthā, jīvo na śivo na nātho anāthā |
śeṣo maheśo ganeśo na gvālaṃ, gopī na gvālaṃ na kaṇso na kālaṃ ||
āse na pāse na dāse na devā, āve na jāve lagāve na sevā |
nahīn vāra pāre na madhye na tīrā, jyon kā tyon tattva gahare gaṃbhīrā ||
jaṇtre na maṇtre na darde na dhokā, narake na svarge na saṇśaya na śokā |
sete na pīte na sabje na lālaṃ, gore na sānvare na vrihdhe na bālaṃ ||
